# Maharashtra Board Solutions for Class 7- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 2- बेटी युग




For any clarifications or questions you can write to **info@indcareer.com**

**Postal Address**

IndCareer.com, 52, Shilpa Nagar, Somalwada Nagpur - 440015
Maharashtra, India

**WhatsApp:** +91 9561 204 888, **Website:** https://www.indcareer.com
https://www.indcareer.com/schools/maharashtra-board-solutions-for-class-7-hindi-sulabhbharati-part-2-chapter-2-beti-yug/

# Maharashtra Board Solutions for Class 7- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 2- बेटी युग

Class 7: Hindi Sulabhbharati Chapter 2 solutions. Complete Class 7 Hindi Sulabhbharati Chapter 2 Notes.

## Maharashtra Board Solutions for Class 7- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 2- बेटी युग

Maharashtra Board 7th Hindi Sulabhbharati Chapter 2, Class 7 Hindi Sulabhbharati Chapter 2 solutions

**Questions and Answers**

जरा सोचो ***.....*** लिखो

'तुम्हें रुपयों से भरा बटुआ मिल जाए तो...' इस विषय पर अपने विचार लिखिए। (कल्पनात्मक-लेखन)

**Answer:**

यदि मुझे रुपयों से भरा बटुआ मिल जाए तो सबसे पहले मैं यह जानना चाहूँगा कि वह बटुआ किसका है? यदि उस बटुए में उसके मालिक के बारे में कोई जानकारी मिल गई, तो मैं उस व्यक्ति को सूचित करूंगा। उसे विश्वास दिलाऊँगा कि आपका बटुआ मुझे मिला है और मैंने उसे संभाल कर रखा है। आप आकर अपनी अमानत ले जाइए। यदि बटुए में उसके मालिक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली, तो अपने विद्यालय के शिक्षकों को दूंगा। उनसे निवेदन करूंगा कि यह बटुआ मुझे मिला है आप इसके मालिक को इसे सुपुर्द करने की कृपा करें; क्योंकि जिसका बटुआ गायब हुआ होगा वह परेशान होगा।

स्वयं अध्ययन




**Answer:**

स्वयं: यदि स्त्री शिक्षित होगी, तो उसका जीवन स्तर अच्छा रहेगा। वह आत्मनिर्भर बनेगी। समाज में उसका सम्मान होगा। वह अपने देश और समाज के लिए अपना योगदान देने में समर्थ होगी। परिवार – यदि स्त्री शिक्षित होगी, तो वह अपने परिवार को भी शिक्षित बना सकती है। अपने परिवार को सही दिशा दिखा सकती है। अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकती है। सामाजिक कुरीतियों से बचा सकती है।

समाज – अक्सर देखा जाता है कि महिलाएँ तरह-तरह के अंधविश्वास एवं सामाजिक बुराइयों का शिकार हो जाती हैं। यदि स्त्री शिक्षित होगी, तो समाज में जागरूकता लाकर सामाजिक उत्थान कर सकती है। देश – यदि स्त्री शिक्षित होगी, तो देश में विकास की क्रांति आ सकती है। कहा जाता है कि देश पढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। शिक्षित स्वी देश में व्याप्त बुराइयों को दूर कर प्रगति पथ पर अग्रसर हो सकती है।

विचार मंथन

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। (अनुच्छेद-लेखन)

**Answer:**

हमारे देश में कालांतर से ही बेटा-बेटी में अंतर किया जाने लगा था। परिणाम यह हुआ कि लोग बेटी को विद्यालय ही नहीं भेजते थे। कुछ लोग उसे गर्भ में ही मार डालते थे। यह एक सामाजिक बुराई बन चुकी थी। इस बुराई को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नारा दिया। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।' सरकार के प्रयास से लोगों में जारूकता आयी और सबने इस बात को स्वीकार किया कि हम बेटी को बचाएंगे और उसे पढ़ाएंगे भी। देश तभी आगे बढ़ेगा; जब बेटा-बेटी दोनों एक समान पढ़ेंगे। उनमें कोई भेद-भाव नहीं होगा। सर्वत्र समानता की लहर लहराएगी।

अध्ययन कौशल*:*

अपने विद्यालय के पाँचवीं से आठवीं तक कक्षाओं में पढ़ रहे छात्रों और छात्राओं की संख्या संयुक्त स्तंभालेख द्वारा दर्शाओ।

चर्चा करो*:*

'लड़का – लड़की एक समान' विषय पर चर्चा करो।

वाचन जगत से:

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होळकर के कार्य पढ़ो और प्रमुख मुद्‌दे बताओ।

सुनो तो जरा :

त्योहार मनाने के उद्‌देश्य की वैज्ञानिकता सुनो और सुनाओ।

कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए।

**Question 1.**

बेटी युग में **…………..**

**…………………………**

**…………………………**गढ़ेंगे।

**Answer:**

बेटी युग सम्मान पर्व है,

पुण्य पर्व है, ज्ञान पर्व है।

सब सबका सम्मान करें तो,

जन-जन का उत्थान पर्व है।

**Question 2.**

बेटी युग **…………………..**

**…………………………….**

**………………………**उत्थान पर्व है।

**Answer:**

बेटी युग में बेटा-बेटी,

सभी पढ़ेंगे, सभी बढ़ेंगे।

फौलादी ले नेक इरादे,

खुद अपना इतिहास गढ़ेंगे।

जानकारी लिखिए।

**Question 1.**

बेटी पर्व:

**Answer:**

भारत की संस्कृति उत्सव संस्कृति के रूप में जानी जाती है। यहाँ देवता ही नहीं प्रकृति की भी पूजा की जाती है। प्राचीन काल से यहाँ बेटियाँ लक्ष्मी, सरस्वती, सौता और सावित्री के रूप में पूजी जाती हैं। नवरात्र में तो कन्या पूजन का विशेष महत्त्व है। आधुनिक युग में इसमें कुछ कमी आई है जिसे शिक्षा द्वारा दूर करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। बेटी के जन्म पर उत्सव मनाकर, उसे पढ़ाकर हम बेटी पर्व मना सकते हैं और नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

**Question 2.**

शिक्षामय विश्व:

**Answer:**

'शिक्षा' शब्द संस्कृत भाषा के 'शिक्ष्' धातु से बना है जिसका अर्थ है – सिखना। मनुष्य जन्म से मृत्यु पर्यंत कुछन-कुछ सीखता रहता है। यह प्रक्रिया विश्वव्यापी है। दुनिया में कहीं भी जाएँ शिक्षा का महत्त्व सर्वोपरि है। कहा जाता है कि शिक्षा ही ऐसी वस्तु है; जिसे न तो चोर चुरा सकता है, न ही यह किसी को बाँटी जा सकती है, न ही राजा द्वारा छीनी जा सकती है और न ही भार लगने वाली है। इसे जितना खर्च किया जाए, उतनी ही बढ़ती है। इसके द्वारा दुनिया में प्रत्येक स्थान पर सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। कहा गया है "स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान सर्वत्र पूज्यते।"

**Question 3.**

'लड़का-लड़की एक समान' विषय पर आठ से दस वाक्य लिखिए।

**Answer:**

लड़का-लड़की आज के आधुनिक युग में एक समान हैं। जो कार्य एक लड़का करता है; उसे लड़की भी कर सकती है। आजकल लड़कियाँ सभी क्षेत्रों में लड़कों की बराबरी कर रही हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो या उद्योग, राजनीति हो या प्रशासनिक कार्य लड़कियों ने दिखा दिया है कि वह लड़कों से कम नहीं हैं। आज लड़कियाँ पायलट बन कर हवाई जहाज उड़ा रही हैं। कल्पना चावला जैसी लड़कियाँ अंतरिक्ष की सैर कर रही हैं। यही नहीं वह राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व कर रही हैं। आज की लड़की सबला बन गई है। आवश्यकता है कि उन्हें शिक्षा के द्वारा और सशक्त बनाया जाए।

भाषा की ओर

निम्नलिखित शब्दों के युग्म शब्द बताओ और वाक्यों में उचित शब्दयुग्म लिखो :

1. गाँव ..........
2. .... उधर
3. घूमना .........
4. धन ..........
5. ...... पहचान
6. कूड़ा .........
7. ........... फूल
8. घर .......

**Answer:**

1. गाँव
2. इधर
3. फिरना
4. दौलत
5. जान
6. करकट
7. फल
8. घर




**Answer:**

(१) धन – दौलत

(२) घूमना – फिरना

(३) घर – घर

(४) गाँव – गाँव

(५) फल – फूल

(६) कूड़ा – करकट

(७) जान – पहचान

(८) इधर – उधर

**Additional Important Questions and Answers**

निम्नलिखित प्रश्नों के एक शब्द में उत्तर लिखिए।

**Question 1.**

आज किसका युग है?

**Answer:**

बेटी का

**Question 2.**

किसकी कहानी सबको सुहानी लगती है?

**Answer:**

नानी की

**Question 3.**

अब कैसी जवानी दौड़ेगी?

**Answer:**

तरुण

**Question 4.**

सारे जग को कैसा करना है?

**Answer:**

शिक्षामय

**Question 5.**

सबके आँगन तक किसकी धारा पहुँचेगी?

**Answer:**

ज्ञानगंगा की

निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए।

**Question 1.**

बेटी युग में कौन-कौन पढ़ेंगे?

**Answer:**

बेटी युग में बेटा-बेटी सभी पढ़ेंगे।

**Question 2.**

शिक्षा पूरी कब होगी?

**Answer:**

बेटा-बेटी जब दोनों शिक्षित होंगे, तब शिक्षा पूरी होगी।

**Question 3.**

अब कोई कैसा नहीं होगा?

**Answer:**

अब कोई अनपढ़ नहीं होगा।

**Question 4.**

बेटी युग किसका पर्व है?

**Answer:**

बेटी युग सम्मान, पुण्य और ज्ञान का पर्व है।

**Question 5.**

जन-जन का उत्थान पर्व कब होगा?

**Answer:**

जब सभी सबका सम्मान करेंगे, तब जन-जन का उत्थान पर्व होगा।

उचित जोड़ियाँ मिलाइए।

| (अ) | | (ब) | |
|---|---|---|---|
| (१) | नानी वाली | (क) | सम्मान करें |
| (२) | बेटी युग में | (ख) | देश बढ़ेगा |
| (३) | बेटा शिक्षित | (ग) | कथा-कहानी |
| (४) | दोनों शिक्षित | (घ) | आधी शिक्षा |
| (५) | देश पढ़ेगा | (ङ) | पूरी शिक्षा |
| (६) | सबका सब | (च) | बेटा-बेटी |

**Answer:**

१ – ग

२ – च

३ -घ

४ – ङ

५ – ख

६ – क

व्याकरण और भाषाभ्यास

निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।

1. बेटा
2. बेटी
3. पर्व
4. अनपढ़
5. पुस्तक
6. कलम
7. समीक्षा
8. देश

**Answer:**

1. पुत्र
2. पुत्री
3. त्योहार
4. अशिक्षित

5. किताब
6. लेखनी
7. आलोचना
8. राष्ट्र

निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए।

1. कहानी
2. इरादा
3. बढ़ेगा
4. पढ़ेगा
5. गढ़ेगा
6. बेटी
7. बेटा
8. चिड़िया

**Answer:**

1. कहानियाँ
2. इरादे
3. बढ़ेंगे
4. पढ़ेंगे
5. गढ़ेंगे
6. बेटियाँ
7. बेटे
8. चिड़ियाँ

निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए।

1. शिक्षा
2. आधी
3. जवानी
4. नई
5. शिक्षित
6. आना
7. तरुण

**Answer:**

1. अशिक्षा
2. पूरी
3. बुढ़ापा

4. पुरानी
5. अशिक्षित
6. जाना
7. वृद्ध

निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

1. पावन
2. हाथ
3. जग
4. गंगा
5. बेटा
6. बेटी
7. हवा
8. पावन

**Answer:**

1. पवित्र, शुचि, पुनीत
2. कर, हस्त, पाणि
3. संसार, विश्व, भव
4. सुरसरि, भागीरथी, देवनदी
5. सुत, आत्मज, नंदन
6. सुता, आत्मजा, पुत्री
7. मरुत्, वात, समीर
8. पवित्र, शुद्ध, पाक

# Maharashtra Board Solutions Class 7 Hindi

**Part 1**


- Chapter 1- वाचन मेला
- Chapter 2- फूल और काँटे
- Chapter 3- दादी माँ का परिवार
- Chapter 4- देहात और शहर
- Chapter 5- बंदर का धंधा
- Chapter 6- 'पृथ्वी' से 'अग्नि' तक
- Chapter 7- जहाँ चाह, वहाँ राह
- Chapter 8- जीवन नहीं मरा करता है
- अभ्यास – १
- पुनरावर्तन – १


**Part 2**


- Chapter 1- अस्पताल
- Chapter 2- बेटी युग
- Chapter 3- दो लघुकथाएँ
- Chapter 4- शब्द संपदा
- Chapter 5- बसंत गीत
- Chapter 6- चंदा मामा की जय
- Chapter 7- रहस्य
- Chapter 8- हम चलते सीना तान के
- अभ्यास - २
- अभ्यास – ३
- पुनरावर्तन - २

# About About Maharashtra State Board (MSBSHSE)

The Maharashtra State Board of Secondary and Higher Secondary Education or MSBSHSE (Marathi: महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक आणि उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळ), is an **autonomous and statutory body established in 1965**. The board was amended in the year 1977 under the provisions of the Maharashtra Act No. 41 of 1965.

The Maharashtra State Board of Secondary & Higher Secondary Education (MSBSHSE), Pune is an independent body of the Maharashtra Government. There are more than 1.4 million students that appear in the examination every year. The Maha State Board conducts the board examination twice a year. This board conducts the examination for SSC and HSC.

The Maharashtra government established the Maharashtra State Bureau of Textbook Production and Curriculum Research, also commonly referred to as Ebalbharati, in 1967 to take up the responsibility of providing quality textbooks to students from all classes studying under the Maharashtra State Board. MSBHSE prepares and updates the curriculum to provide holistic development for students. It is designed to tackle the difficulty in understanding the concepts with simple language with simple illustrations. Every year around 10 lakh students are enrolled in schools that are affiliated with the Maharashtra State Board.

# FAQs

Where do I get the Maharashtra State Board Books PDF For free download?

You can download the Maharashtra State Board Books from the eBalbharti official website, i.e. cart.ebalbharati.in or from this article.

Add image

How to Download Maharashtra State Board Books?

Students can get the Maharashtra Books for primary, secondary, and senior secondary classes from here. You can view or download the Maharashtra State Board Books from this page or from the official website for free of cost. Students can follow the detailed steps below to visit the official website and download the e-books for all subjects or a specific subject in different mediums.

Step 1: Visit the official website *ebalbharati.in*

Step 2: On the top of the screen, select "Download PDF textbooks"

Step 3: From the "Classes" section, select your class.

Step 4: From "Medium", select the medium suitable to you.

Step 5: All Maharashtra board books for class 11th will now be displayed on the right side.

Step 6: Click on the "Download" option to download the PDF book.

Who developed the Maharashtra State board books?

As of now, the MSCERT and Balbharti are responsible for the syllabus and textbooks of Classes 1 to 8, while Classes 9 and 10 are under the Maharashtra State Board of Secondary and Higher Secondary Education (MSBSHSE).

How many state boards are there in Maharashtra?

The Maharashtra State Board of Secondary & Higher Secondary Education, conducts the HSC and SSC Examinations in the state of Maharashtra through its nine Divisional Boards located at Pune, Mumbai, Aurangabad, Nasik, Kolhapur, Amravati, Latur, Nagpur and Ratnagiri.

# About IndCareer

IndCareer.com is a leading developer of online career guidance resources for the Indian marketplace. Established in 2007, IndCareer.com is currently used by over thousands of institutions across India, including schools, employment agencies, libraries, colleges and universities.

IndCareer.com is designed to assist you in making the right career decision - a decision that meets your unique interests and personality.

For any clarifications or questions you can write to **info@indcareer.com**

**Postal Address**

IndCareer.com

52, Shilpa Nagar,

Somalwada

Nagpur - 440015

Maharashtra, India

**WhatsApp:** +91 9561 204 888

**Website:** https://www.indcareer.com